हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

13 जिले के 45 स्कूलों तक पहुंचेगा अंतरिक्ष ज्ञानरथ बच्चों ...



14 सौ से अधिक युवा पारंपरिक वेशभूषा में माता दरबार, ...



## खबर संक्षेप




### गणेश मंदिर में 24 घंटे का जलाभिषेक

**धमतरी।** मठ मंदिर चौक सदर बाजार स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में 26 अगस्त की सुबह 6 बजे से 27 अगस्त सुबह 6 बजे तक जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित है। गणेश मंदिर के पुजारी होमन प्रसाद शास्त्री ने भक्तों से अपील की है।

### हटकेशर में दो दिवसीय रामधुनी 26 से

**धमतरी।** श्री नागेश्वर मानस प्रचार एवं रामधुनी समिति के सहयोग से हटकेशर में दो दिवसीय रामधुनी (रामसत्ता) का आयोजन 26 से



27 अगस्त की रात्रि तक किया गया है। इस दौरान श्रीराम जानकी बस्तरिहा रामधुनी मंडली कुष्टिकुर कांकेर, जय दशरथ नंदन रामधुनी मंडली धोबनपुरी बालोद, संगी जहुरिया रामधुनी मंडली बोहारा, जय मां पवईरानी रामधुनी मंडली सरगी, ज्ञान गंगा रामधुनी मंडली बारना की प्रस्तुति होगी।

### तीज महोत्सव एवं पंडवानी 26 को

**धमतरी।** ग्राम भेंडरा के बाजार चौक में 26 अगस्त मंगलवार को दोपहर 12 बजे तीज महोत्सव एवं कृष्णा पंडवानी बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी भागेश हिरवानी ने दी है।

### पूरक प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** जिले के महाविद्यालयों में 29 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से बीएससी व्दितीय एवं तृतीय वर्ष (रसायनशास्त्र) की पूरक प्रायोगिक परीक्षा होगी। छात्र-छात्राएं अपनी आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा में शामिल होंगे । अनुपस्थित रहने की दशा में परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### गायत्री परिवार की उपजोन स्तरीय बैठक 31 को

**धमतरी।** गायत्री परिवार के पांच जिलों की उपजोन स्तरीय त्रैमासिक समीक्षा बैठक 31 अगस्त को 11 बजे से 2 बजे तक मंगल भवन पुराना बाजार चौक कुरुद में रखी गई है। बैठक में सुकदेव निर्मलकर छग जोन प्रभारी शांतिकुंज, श्रीमती आदर्श वर्मा जोन समन्वयक रायपुर, सीपी साहू उपजोन समन्वयक, एमएल साहू संगठन प्रभारी, जिला समन्वयक गण लच्छूराम निषाद रायपुर, टीकम साहू, बोधराम साहू, कौशल साहू एवं दिलीप नाग उपस्थित रहेंगे।

### दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम पहंदा में पोला त्योहार के दिन दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना से मिली जानकारी अनुसार 23 अगस्त शनिवार को पहंदा के राजा बाबा तालाब के पास दसवीं के छात्र रूपेश कुमार साहू पिता रिखब साहू उम्र 16 वर्ष ने सफेद रंग के टावेल में पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के मुताबिक मृतक दोपहर 2 बजे घर से खाना खाकर निकला हुआ था। शाम को ग्रामीणों ने राजा बाबा तालाब के पास धारण पेड़ में फांसी पर शव लटका देखा। घटना की सूचना थाने को दी गई। पुलिस ने रविवार को मर्ग कायम कर पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आगे की विवेचना में जुटी है।

■ ग्राम पहंदा की घटना

---

**कलेक्टर जनदर्शन : आवास निर्माण में वन विभाग की आपत्ति पर कमारों ने किया प्रदर्शन**

# अपने अधिकारों के लिए जागरुक हो रहे कमार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अति पिछड़ी जनजाति कमार समाज अब अपने हक और अधिकारों को लेकर जागरुक होने लगा है। इसका जीवंत उदाहरण सोमवार को कलेक्टोरेट में दिखाई दिया। ग्राम बिरझुली के कमारों ने अपने परम्परागत अस्त्र शस्त्र तीर धनुष के साथ जनमन आवास को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कमार महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ प्रदर्शन में शामिल थीं। इधर बिरनासिल्ली से पहुंचे कमार समाज के लोगों ने कमारपारा के आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर कमार महिला को पदस्थ करने की आवाज उठाई है।

विशेष पिछड़ी जनजाति कमार का ख्याल आते ही हमारे अक्स में कमर पर गमछा लपेटे, खुला बदन, पतला दुबला सांवला शरीर, हाथों में तीर कमान, जंगल में घुमंतु शिकारी का चेहरा उभर आता है, लेकिन अब वह दिन लदने लगा है। समाज की मुख्यधारा में कमार समाज भी कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।



सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत बिरझुली के कमार धोती, कुर्ता, पेंट शर्ट, तीर कमान के साथ नजर आए। सुकारो, श्यामा, रजंतीन, यशवंत, सुखराम, परेश्वरी, संतराम ने बताया कि बिरझुली कमार बस्ती में 13 आवास स्वीकृत है। जिसकी प्रथम, द्वितीय किस्त प्राप्त कर आवास का निमार्ण किया जा रहा है। आवास निर्माण कार्य चौखट लेवल तक पूर्ण हो चुका है। आगे के निर्माण पर वन विभाग ने रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि बिरझुली कमार बस्ती में विगत 30 साल से कमार परिवार निवासरत हैं। शासन द्वारा कमारपारा में पेयजल पाइपलाइन विस्तार, सौर ऊर्जा पानी टैंक, विद्युत व्यवस्था, सीसी रोड निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, जनमन शिविर का संचालन किया जा रहा है। उक्त स्थान पर 3 आवास का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। कमारों ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में वन विभाग द्वारा जनमन आवास निर्माण कार्य पर की गई आपत्ति को हटाने के लिए आदेश प्रदान करने की मांग की है।

### आंगनबाड़ी में कमार सहायिका को पदस्थ करें



नगरी ब्लाक के ग्राम बिरनासिल्ली स्थित कमारपारा से कलेक्टोरेट पहुंचे कमार भगवानसिंह, बलदेव, सुनाराम, कंवरलाल, मुन्नालाल, सियाराम, संपत, रामलाल, गाड़ाराम आदि ने बताया कि बिरनासिल्ली कमारपारा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का संचालन हो रहा है। कमारपारा वासियों का विचार है कि कमारपारा आंगनबाड़ी में सहायिका पद कमार बस्ती की कमार महिला को मिलना चाहिए। इसके लिए कमारपारा की महिला ने आवेदन किया था, लेकिन उसे सहायिका का पद नहीं दिया गया बल्कि दूसरे पारा की महिला को सहायिका बनाया गया है। कमारों ने दूसरे पारा की सहायिका पर आपत्ति करते हुए कमारपारा की महिला को सहायिका का पद देने की मांग कलेक्टर से की है।

## कन्या आश्रम सिहावा के उन्नयन की मांग

**धमतरी।** शासकीय कन्या आश्रम शाला सिहावा के पालकगण मोहन नेताम, फूलचंद, हेमलाल मरकाम, आनंद कुमार, मिलाप कुंजाम ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि शासकीय कन्या आश्रम शाला सिहावा में पहली से पांचवीं तक शाला संचालित है। कक्षा पांचवीं में पास होने के बाद छात्रों को पढ़ाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छात्रों को अन्य छात्रावासों में प्रवेश नहीं मिल पाता है। पालक दूर गांवों में निवास करते हैं। बच्चे शुरू से छात्रावास में पढ़ाई करने के कारण गांव के स्कूलों में पढ़ना नहीं चाहते। इसके कारण कई बच्चे पढ़ाई छोड़ रहे हैं। पालकों ने समस्या का निराकरण करने कन्या आश्रम शाला को 8वीं कक्षा तक



उन्नयन करने की मांग की है।

## सतखाम स्थापना के लिए जमीन मांगी

**धमतरी।** कुरूद विकासखंड के ग्राम बंजारी की गुरू बालकदास जनसेवा समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि उनकी समिति पंजीकृत है जिसमें 15 सदस्य हैं। यह धार्मिक एवं सामाजिक संगठन है। समय-समय पर समाज के महापुरूषों एवं गुरूओं की जयंती एवं पुण्यतिथि मनाती है। समिति के पास कोई जमीन नहीं है। सतखाम स्थापना के लिए गुरू बालकदास जनसेवा समिति के नाम पर जमीन आवंटित करने की मांग कलेक्टर से की गई है।



## बागोडार में उचित मूल्य दुकान भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम बागोडार में उचित मूल्य दुकान के लिए भवन निर्माण करने की मांग ग्राम विकास समिति ने की है। ग्रामीण चेतन कुमार, चंद्रहास, राजाराम मरकाम, जोहतराम नेताम, लखन, निरंजन, राजेन्द्र यादव ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि बागोडार में विगत 3 वर्षों से राशन दुकान निजी भवन में संचालित है। उन्होंने राशन दुकान के लिए शासकीय भवन निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है।

## दो ने किया देहदान, एक ने की नेत्रदान घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ आमदी से किया गया। इस दौरान आमदी के हेमंत मटियारा एवं चंद्रहास साहू ने देहदान की घोषणा की। एक दिव्यांग चंद्रशेखर साहू ने नेत्र दान की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार खंड चिकित्सा अधिकारी गुजरा के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी में नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी, रैली एवं अंधापन के अहसास पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हायर सेकंडरी स्कूल आमदी में किया गया। इस अवसर पर नेत्र सहायक अधिकारी पीएन साहू, संतोष साहू, भोपेन्द्र कुमार साहू, कुमार जानू साहू, डॉ. खिलावन एवं पीएचसी आमदी के स्टाफ उपस्थित थे।





## कलेक्टोरेट में लगा नया वाटर कूलर




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने कलेक्टोरेट परिसर में एक नया वाटर कूलर की व्यवस्था की है। सोमवार को यह वाटर कूलर लगाया गया। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने कलेक्टोरेट परिसर में कबाड़ हो चुके वाटर कूलर पर खबर प्रकाशित की थी।


## सड़क हादसे में बाइक सवार पांच लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर व आसपास हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच बाइक सवार घायल हो गए हैं। घायलों में कुछ को गंभीर चोट लगी है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कोलियारी निवासी अजय ध्रुव पिता श्यामलाल उम्र 30 वर्ष मजदूरी का काम करता है। उसकी मां शांतिबाई ध्रुव बीते दिनों अपने मायके देवगांव गई हुई थी जहां उसकी तबीयत बिगड़ने पर मायके वाले आटो से उसे उपचार कराने गोपालपुरी लाए थे। जानकारी मिलने पर अजय रविवार की शाम अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीआर 7185 से अपनी मां को लाने गोपालपुरी गया था, जहां से अजय आटो के पीछे पीछे वापस लौट रहा था। इसी दौरान संबलपुर बाईपास में उसकी बाइक ट्रक से टकरा गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर चोट लगी। युवक लहूलुहान औंधेमुंह सड़क पर पड़ा हुआ था। वहीं कुछ दूरी पर उसकी बाइक पड़ी थी। सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

■ अलग-अलग जगह हुई है दुर्घटना



इसी तरह रविवार की रात दो युवक बाइक में सवार होकर केरेगांव जा रहे थे। बाइक अछोटा नाका के पास से गुजर रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार की हेडलाइट की तेज रोशनी चालक की आंखों पर पड़ी, जिसके कारण उसकी आंखें चौंधिया जाने से बाइक अनियंत्रत होकर गिर गई। घटना में बाइक सवार दोनों घायल हुए।



तीसरी घटना ब्रम्ह चौक में घटी। दो युवक बाइक में सवार होकर गोकुलपुर से बिलाईमाता मंदिर रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान ब्रम्ह चौक के पास उसकी बाइक मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। वहीं मवेशी को भी चोट लगी है। सूचना पर दोनों सड़क दुर्घटनाओं के घायलों को वरदान एम्बुलेंस के शिवा प्रधान, डुमन साहू व प्रेम साहू ने जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

## बेलौदी स्कूल में शिक्षकों की कमी



**धमतरी।** शाला प्रबंधन एवं विकास समिति बेलौदी ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि शा.उच्च.मा. शाला बेलौदी मगरलोड में 9वीं से 12वीं तक कक्षा संचालित है। 11वीं तथा 12वीं में जीव विज्ञान व्याख्याता, भूगोल, अर्थशास्त्र व्याख्याता, इतिहास, राजनीति व्याख्याता, कृषि विज्ञान शिक्षक, स्पोर्ट्स टीचर, विज्ञान सहायक का 6 पद रिक्त है। समिति के घनश्याम साहू, बलराम साहू, नंदकुमार रात्रे, प्यारीराम आदि ने स्कूल में शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है।

## हजारों रुपए के गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी/अंवरी

अवैध रूप से बिक्री करने के लिए घर में छिपाकर रखे तीन किलो गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम सुपेला में एक व्यक्ति द्वारा बिक्री करने के लिए अवैध गांजा छिपाकर रखने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल ग्राम सुपेला पहुंची और उक्त संदेही के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। इस दौरान उसके घर से तीन किलोग्राम अवैध गांजा कीमत 45 हजार रूपए बरामद किया गया। आरोपी मिश्रीलाल साहू ने उक्त गांजा को बिक्री करने के लिए अपने घर में छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से इलेक्ट्रानिक तौल मशीन कीमत 15 सौ, मोबाइल फोन कीमत 15 हजार व 20 नग पैकिंग पन्नी जब्त की। भखारा थाना में धारा 20(ख) एमडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी मित्रीलाल साहू पिता धनराज उम्र 25 वर्ष ग्राम सुपेला थाना भखारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

■ भखारा पुलिस ने की कार्रवाई

**22 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक बिछाने का काम पूरा**

# कुरुद से अभनपुर के बीच जल्द दौड़ेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

रेल यात्रियों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने वाली है। राजधानी से सटे अभनपुर-कुरुद के बीच जल्द ही ट्रेन दौड़ने लगेगी। फिलहाल रेलवे ने अभनपुर से कुरुद के बीच लगभग 22 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया है। अब ओएचई तार और सिग्नल की जांच की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नवा रायपुर से धमतरी तक पटरी बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। इससे धमतरी और रायपुर आपस में जुड़ जाएंगे। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार केंद्री से धमतरी और अभनपुर राजिम तक करीब 67 किलोमीटर तक बड़ी रेल लाइन बिछाई जा रही है। इसके बाद रेलवे के सेटी इंजीनियर ट्रेन चलाकर इसकी जांच करेंगे। फिर कोलकाता से सीआरएस (रेलवे सुरक्षा आयुक्त) की टीम आकर जांच करेगी। टीम से हरी झंडी मिलते ही कुरुद तक ट्रेन चलाने का रास्ता साफ हो जाएगा।



### 31 अगस्त तक काम पूरा करने का लक्ष्य

कुरूद तक रेलवे लाइन और बिजली का काम पूरा करने के लिए 31 अगस्त तक का लक्ष्य दिया गया है। वहीं, रायपुर से राजिम तक के लिए नई ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। स्कूल, कॉलेज और ऑफिस के अनुसार रेलवे ने तीन मेमू ट्रेन का समय रखा है। इससे यात्रियों को सहूलियत होगी। रेलवे जल्द ही इन नई ट्रेनों का परिचालन शुरू कर देगा।

### रायपुर से धमतरी के बीच होंगे तीन बड़े स्टेशन

रायपुर-धमतरी के बीच फिलहाल तीन बड़े स्टेशन अभनपुर, कुरूद और धमतरी में बनाए जा रहे हैं। इनके अलावा चटौद, सिर्री, सरसोंपुरी और सांकरा गांव को पैसेंजर हाल्ट बनाया जा रहा है। इस रूट की ट्रेन कुछ देर के लिए यहां रुकेगी। इस पूरे रुट को नवा रायपुर के केंद्री स्टेशन से जोड़ा जाएगा।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने हाथों में मांगों की मेंहदी लगाई और गुब्बारे छोड़े

**महासमुंद।** संविदा आधार पर कार्यरत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने आंठवेदिन भी लोहिया चौक में धरना जारी रखा। महिलाओं ने हाथों में मांगों की मेंहदी लगाई और गुब्बारे छोड़े। एनएचएम कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ के जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि एनएचएम संविदा कर्मी से मुक्त आजादी के प्रतीक के रूप गुब्बारे आसमान में उड़ाए। स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल से जिले के सरकारी अस्पतालों में कई सेवाएं बाधित हो रही है जो परेशानी का सबब बन रही है। बता दें कि एनएचएम कर्मचारी संविलियन व स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति, 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार ने 15 अगस्त तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, बाद उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला किया। अनिश्चितकालीन हड़ताल के आज सातवें दिन एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से तत्काल संवाद स्थापित करने और उनकी जायज मांगों पर निर्णय लेने का आग्रह किया है। पिछले सात दिनों से एनएचएम कर्मचारी अनोखा प्रदर्शन कर रहे हैं। मालूम हो कि जिले में लगभग 550 एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ना शुरू हो गया है। हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी, टीकाकरण, और नवजात देखभाल इकाईयां व राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जहां पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं।

## निधन

### बरसाती लाल साहू

**सांकरा।** ग्राम सांकरा स्कूलपारा निवासी बरसाती लाल साहू का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया। वे बाबूलाल साहू के बड़े भाई एवं शैलेंद्र साहू के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में समाजजन एवं ग्रामीण नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### ग्यारह दिनों तक गणपति बप्पा के जयकारे गांव-गांव और मोहल्लों में गूंजेंगे

# गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

अंचल में गणेशोत्सव को लेकर जबर्दस्त माहौल है। परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी ग्यारह दिनों तक गणपति बप्पा के जयकारे गांव-गांव और मोहल्लों में गूंजेंगे। 27 अगस्त से शुरू हो रहे इस पर्व की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं।

स्थानीय मूर्तिकार इन दिनों पूरी तन्मयता से गणेश प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार नरेंद्र प्रजापति और अमर कुंभकार ने बताया कि इस बार बाल स्वरूप गणेश प्रतिमाएं भक्तों की विशेष पसंद बनी हुई हैं, जिसके चलते इनके अधिक ऑर्डर मिले हैं। मूर्तिकार विभिन्न रूपों और आभूषणों के साथ प्रतिमाओं को तैयार कर रहे हैं। एक फीट से लेकर ग्यारह फीट ऊंची प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। हालांकि प्रतिमा निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के दाम बढ़ जाने से लागत में वृद्धि हुई है, जिसका असर मूर्तियों के मूल्य पर भी देखा जा रहा है। इसके बावजूद भक्तों में उत्साह कम नहीं है। इधर नगर से लेकर गांव गांव गणेश समितियों द्वारा जगह-जगह भव्य पंडालों की सजावट की जा रही है। रंग-बिरंगी लाइट, आकर्षक मंच और सजावटी पंडालों से पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में तब्दील हो रहा है। मूर्तिकारों को भी इस बार अधिक काम के अवसर मिले हैं। नगरी के गांव-गांव से लोग मूर्ति के ऑर्डर देने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### 350 से 12 हजार रूपए तक बिक रही गणेश की प्रतिमा



**मगरलोड।** इस वर्ष गणेश चतुर्थी 27 अगस्त बुधवार से शुरू हो रही है। गणेश चतुर्थी मात्र दो दिन शेष बची है। भगवान गणेश को विराजित करने के बाद भक्त 11 दिन तक विधि विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। मूर्तिकार भगवान गणेश की मनमोहक प्रतिमाएं बनाने में जुटे हुए हैं। मोहंदी के मूर्तिकार रूपेश चक्रधारी ने बताया कि उनके पास छोटी प्रतिमाओं से लेकर बड़ी मूर्तियां बनकर तैयार हैं जिसकी कीमत 350 रूपये से 12 हजार तक है। बड़ी प्रतिमाओं के ऑर्डर बहुत ज्यादा मिल गए थे। इसके कारण कई बड़ी मूर्तियां के ऑर्डर को कैंसिल करना पड़ा। अभी कुछ मूर्तियों की आंख खोलना बाकी है। मूर्तियों का आर्डर पूरा करने में स्वयं एवं उनकी पत्नी रूक्मणी चक्रधारी दिन रात जुटे हैं। डिमांड के मुताबिक छोटी से बड़ी मूर्तियां अलग-अलग झांकियां में बनाई गई हैं।

# सांकरा की वैभवी बनी सहायक संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



सांकरा की वैभवी साहू ने अपनी मेहनत और लगन से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक संचालक उद्योग प्रबंधक वाणिज्य एवं उद्योग विभाग पद पर चयनित हुई हैं।लोक सेवा आयोग द्वारा 22 अगस्त 2025 को अंतिम चयन परिणाम घोषित किया गया, जिसमें वैभवी साहू ने मुख्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। वैभवी साहू की सफलता से क्षेत्र के युवाओं में भी नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ है। वैभवी के पिता प्रदीप कुमार साहू व्याख्याता हाईस्कूल भैंसामुड़ा, मां कंचन साहू प्रधानपाठक पीएमश्री स्कूल नवागांव में कार्यरत हैं। वैभवी की इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पोला पर्व पर बच्चों ने दौड़ाए नांदिया बैल



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में पोला त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने खूब नांदिया बैल दौड़ाए।

# नगरी के बस स्टैंड में तीजहारिनों की रही भीड़



- प्रतीक्षालय की कमी से यात्रियों ने आसपास की दुकानों में शरण ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार तीज पर्व पर महिलाएं अपने मायके में जाकर पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं। तीज पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं अपने मायके जाने के लिए सोमवार को नगरी बस स्टैंड पहुंचीं। सुबह से ही बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ देखी गई। बसों के इंतजार में महिलाएं व अन्य यात्री धूप में सड़क किनारे दुकानों के पास बैठने को मजबूर थे। यात्रियों का कहना है कि यदि नगरी में बड़ा बस स्टैंड एवं पर्याप्त प्रतीक्षालय की सुविधा होती तो उन्हें धूप और असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता। यहां पर बड़ा प्रतीक्षालय होना चाहिए।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि नया बस स्टैंड एवं प्रतीक्षालय बनाने की मांग को लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, किंतु चयनित भूमि पर बड़े झाड़- जंगल क्षेत्र होने की वजह से अनुमति नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत लगातार प्रयासरत है।

# कूडो स्पर्धा में परिधि ने स्वर्ण व सत्यप्रकाश ने जीते कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- स्वामी विवेकानंद सभागृह दुर्ग में हुई राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता

22 से 24 अगस्त तक स्वामी विवेकानंद सभागृह दुर्ग में चौथी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों से छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। धमतरी जिले से कुरुद के दो छात्र खिलाड़ी ने भाग लेकर बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर कांस्य एव स्वर्ण पदक जीतकर कुरुद का नाम रोशन किया है।

दोनों ही खिलाड़ी कुरुद के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत हैं। कक्षा चौथी की छात्रा परिधि पांडे ने स्वर्ण पदक एवं कक्षा पांचवीं के छात्र सत्यप्रकाश टंडन ने कांस्य पदक पाकर अपने माता-पिता, स्कूल एवं नगर का नाम रोशन किया है। वहीं आगामी राष्ट्रीय कूडो प्रतियोगिता में छात्रा परिधि पाण्डेय कुरूद की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों ही खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष जाहिर करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने कहा कि कूडो खेल में आत्मरक्षा के साथ संस्कार की शिक्षा मिलती है जिसमें कुरुद के छात्र-छात्राएं भी आगे बढ़ रहे हैं। यह सिर्फ और सिर्फ बेहतर पारिवारिक, शैक्षणिक एव स्थानीय वातावरण पर निर्भर करता है। इन होनहार खिलाड़ियों से न केवल स्कूली बच्चे बल्कि अपने बच्चों को आगे बढ़ते देखना चाहने वाले पालक भी अपने बच्चों को सकारात्मक माहौल दें।



# एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्रपाल, जागेश्वर का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

एसजीएफ खेल अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन शास. उच्च. माध्य. विद्यालय करगा में हुआ। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर से 400 मीटर दौड़ अंडर 19 वर्ग में छत्रपाल और गोलाफेंक अंडर 14 वर्ग में जागेश्वर का चयन जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

छात्रों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य आरके बघेल, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव , एल. सोन, एम. ठाकुर ने हर्ष जताया है।

# धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ते हैं : अरुण

- बिरनपुर में कृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बाल मंडली बिरनपुर के तत्वावधान में एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। हरिकीर्तन और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति-रस में डुबो दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। अध्यक्षता प्रकाश बैस ने की। विशिष्ट अतिथि सिहावा विधानसभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला, जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी धृतलहरे और सिरसिदा सरपंच नरसिंग मरकाम थे।

आयोजन का मुख्य आकर्षण गुरुदेव मानस परिवार कुडेरा दादर द्वारा प्रस्तुत हरिकीर्तन रहा जिसने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। वहीं बाल मंडली बिरनपुर द्वारा प्रस्तुत भजनों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। ग्रामवासियों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ इस आयोजन में भागीदारी निभाई।

# सशिमं चटौद की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता रांकाडीह (मधुबन) में हुई जिसमें बाल वर्ग छात्रा में सरस्वती शिशु मंदिर चटौद की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीतांजलि, कल्पना, पल्लवी, क्षमालता, आस्था, विभा, गुंजन, गुंजा, कौस्तुभि, ललिता, धात्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये प्रांत स्तर खेलेंगे। एकल खेल में तवा फेंक में नीलिमा बारले द्वितीय, अमित 100 दौड़ में द्वितीय और नंदिता, तरुणा, मोनिका, चित्रेखा ने रिलेरेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# क्षेत्र में लगातार बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हो रहे परेशान

- चिटौद का ट्रांसफार्मर घासफूस से घिरा, पुराने जर्जर तार से बढ़ी दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण इन दिनों परेशान है। पेयजल से लेकर दैनिक जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बारिश के दिनों में रात्रि को समय बेसमय बिजली बंद हो जाने से लोगों को काफी पेरशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे अधिक बिजली की कटौती कनेरी कुलिया, आनंदपुर फीडर में हो रही है जिसका विभागीय अधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं है। थोड़ा सा मौसम खराब हुआ है कि बिजली घंटों गुल हो जाती हैं। क्षेत्र में बिजली कब बंद हो जाए इसका कोई समय निर्धारित नही है। यदि अचानक कहीं कोई फाल्ट हो जाए, तो कब सुधरेगा इसका तो भगवान ही मालिक है। खराब ट्रांसफार्मर एवं पुराने जर्जर तार के कारण बरसात में तार कभी भी टूटकर गिर जाता है, जिससे मवेशी व आम नागरिकों को खतरा बना रहता है। गांवों में लगे अधिकांश ट्रांसफार्मर के पुराने एवं जर्जर हो जाने के कारण कभी गांव के आधे हिस्से में बिजली रहती है, तो आधे हिस्से में अंधेरा छा जाता है। सुबह से रात तक बिजली की आंख मिचौली चलती रहती है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से बिजली कटौती बंद करने की मांग की है।



### सिहावाराज, बस्तर और पड़ोसी राज्य ओडिशा से पहुंचे देवी-देवता

# बोराई के कुर्सीघाट जंगल में लगती है देवी-देवताओं की अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





जिले के बोराई क्षेत्र के घने जंगल में हर साल भादो माह में एक अनोखी परंपरा जीवंत होती है, जिसे देखने हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से जुटते हैं। सदियों पुरानी इस परंपरा को भंगाराव माई का दरबार कहा जाता है, जहां इंसानों की तरह देवी-देवताओं को भी अदालत के कटघरे में खड़ा होना पड़ता है।

स्थानीय मान्यता के अनुसार यदि कोई देवी-देवता अपने कर्तव्यों में चूक करता है या अनुयायियों के विश्वास को ठेस पहुंचाता है, तो न्याय की देवी भंगाराव माई स्वयं उसका फैसला सुनाती हैं। कई बार प्रतीकात्मक रूप से देवताओं को हिरासत में भी लिया जाता है और समाज के सामने न्याय की परंपरा निभाई जाती है। यह अद्भुत देव दरबार केवल स्थानीय क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सिहावा राज, बस्तर और पड़ोसी राज्य उड़ीसा तक से देवी-देवताओं की उपस्थिति दर्ज होती है। मेला जैसा माहौल बन जाता है और हजारों श्रद्धालु इस अद्वितीय आयोजन के साक्षी बनते हैं।

इतिहासकारों और बुजुर्गों का मानना है कि सिहावा क्षेत्र कभी बस्तर राजघराने की सीमा का हिस्सा रहा है। आज भी आदिवासी समाज बस्तरराज परिवार की परंपरा और देव आस्था को संजोए हुए है। मान्यता है कि भंगाराव माई की अनुमति के बिना देव सीमा में कोई भी देवी-देवता कार्य नहीं कर सकते। भंगाराव माई का यह दरबार आस्था, न्याय और परंपरा का अद्भुत संगम है। यहां न सिर्फ देवताओं के लिए न्याय की परंपरा निभाई जाती है, बल्कि समाज भी यह संदेश ग्रहण करता है कि न्याय सबके लिए समान है। यही इस आदिवासी परंपरा की सबसे बड़ी पहचान है।

# कुरुद मंडी में धान आरबी गोल्ड 2269 रुपए तक बिका




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कृषि उपज मंडी कुरुद में सोमवार को क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का सामान्य दाम मिला। धान सरना को 2000 रुपये, आईआर 64-1939 रुपये, धान 1010 को 1933 रुपये, महामाया 1815 रुपये, ओम श्री 2287 रुपये, सांभा 2176, आरबी गोल्ड को अधिकतम 2269 रुपये तक बेचा गया है। इस दिन आरबी गोल्ड 539 एवं महामाया धान 509 क्विंटल तक आवक दर्ज की गई। वहीं दलहन-तिलहन लेकर एक भी किसान नहीं पहुंचा। अपनी उपज बेचने किसानों को और ज्यादा दाम मिलने की उम्मीद थी पर भाड़ा कर मंडी पहुंचे धान को जो भाव मिल गया, उसी को बेचकर संतोष जाहिर किया।

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री में शारीरिक एवं मानसिक परामर्श संगोष्ठी

**दुर्गुकोंदल।** शारीरिक एवं मानसिक परामर्श से संगोष्ठी का आयोजन पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल के प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया। संगोष्ठी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ चंदन कुमार बैरागी के द्वारा बच्चों के बीच शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेने की बात कही गई एवं तथा हमें हानिकारक पदार्थों जैसे जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं पैकेट बंद चिप्स कुरकुरे आदि का सेवन न करने की सलाह दी। अगर हम अपने स्वास्थ्य की देखभाल अच्छी तरह से करेंगे तो हमें किसी भी प्रकार की मानसिक विकृति नहीं होगी तथा हमारी क्षमता का विकास होगा, बुद्धि स्तर बढ़ेगी सोचने समझने की शक्ति बढ़ेगी। कार्यक्रम में सोनिया चौधरी, डिकेश पटेल, पूजा हालदार, आयुषी मेश्राम ,किरण मरकाम एवं समस्त छात्र छात्राएं शिक्षक उपस्थित रहे।

### जिला स्तर पर खेल दिवस 29 को होगा

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तर पर खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त को दोपहर 01 बजे से शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा। उक्त आयोजन में जिले के खेल संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ियों तथा जिला मुख्यालय के सभी स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। खेल दिवस के अवसर पर हॉकी, फुटबॉल एवं बैडमिंटन इत्यादि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### सुरक्षा पर की गई ब्लाक स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के अंतर्गत विकासखंडस्तरीय सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा को लेकर वाद विवाद प्रतियोगित आयोजित की गई, जिसमें 13 स्कूल से 130 बच्चे अपने प्रभारी शिक्षक के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए। खण्ड शिक्षा अधिकारी केजूराम सिन्हा, एबीईओ दीपक ठाकुर, देव करण भास्कर, जिला नोडल एपीसी पुष्पांजलि ठाकुर भी शामिल हुए। यातायात प्रभारी दीपक साव ने उपस्थित सभी को यातायात के नियमों से अवगत कराया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण प्राचार्य हायर सेकंडरी मूरडोंगरी हरीश साहू, प्राचार्य हाई स्कूल माकड़ी राजेश सिंह देव, प्राचार्य हाई स्कूल इरादाह गुरुवर रहे। पंजीयन प्रभारी व्याख्याता हाई स्कूल कोकानपुर चंद्र शेखर महलवार व संकुल समन्वयक रोमन जैन रहे।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए तृतीय प्रतीक्षा सूची की काउंसिलिंग 29-30 को

**कांकेर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव एवं बलरामपुर में शिक्षण सत्र-2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार तृतीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कॉलोनी के सामने रायपुर में काउसिंलिंग किया जाएगा, इसके लिए काउसिंलिंग तिथि 29 एवं 30 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 05 तक उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पीव्हीटीजी और अनुसूचित जाति वर्ग की बालक एवं बालिकाएं का काउंसिलिंग 29 अगस्त को तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बालक-बालिकाओं की काउंसिलिग 30 अगस्त को किया जाएगा। काउंसिलिंग के दौरान विद्यार्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आना अनिवार्य है। विद्यार्थी का प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है।

अंतरिक्ष प्रदर्शन सड़क यात्रा के अंतरिक्ष रथ को महापौर ने दिखाई हरी झंडी

# जिले के 45 स्कूलों तक पहुंचेगा अंतरिक्ष ज्ञानरथ बच्चों को मिलेगी अंतरिक्ष की रोचक जानकारी

**अंतरिक्ष विज्ञान केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं : मिश्रा**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि रखने वाले बच्चों के लिए आज का दिन विशेष रहा। पीएमश्री एमआरडी गवर्नमेंट हाईस्कूल बठेना में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में अंतरिक्ष रथ को महापौर रामू रोहरा एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ आगामी 15 दिनों तक जिले के 45 विद्यालयों का भ्रमण करेगा तथा विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर एमआरडी हाईस्कूल परिसर में स्पेस एग्ज़िबिशन रोड ट्रिप का आयोजन किया गया। इसमें रॉकेट एवं सैटेलाइट मॉडल, दूरबीन, ड्रोन, वर्चुअल रियलिटी (वीआर) उपकरण सहित कई वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मंगलयान, चंद्रयान एवं गगनयान मिशनों की प्रेरणादायक यात्रा को प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि हम आधुनिक युग में जी रहे हैं। आज भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। चंद्रयान द्वारा दक्षिण ध्रुव तक पहुंचना हम सबके लिए गौरव का विषय है। हमारा प्रयास है कि जिले के बच्चे भी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर विज्ञान और अंतरिक्ष की ओर आकर्षित हों। यदि आज के युवा आधुनिक गतिविधियों से नहीं जुड़ेंगे तो भविष्य की दौड़ में पीछे रह जाएंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर विद्यार्थी की जिज्ञासा को पंख देता है। आने वाले समय में विज्ञान और तकनीक ही विकास का सबसे बड़ा आधार होगा। अंतरिक्ष रथ के माध्यम से बच्चों को प्रयोगात्मक शिक्षा देकर उनके भीतर नई सोच और नई ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए समान रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। बच्चे जब अपने आसपास अंतरिक्ष उपकरण और तकनीक को देखेंगे तो निश्चित ही उनकी वैज्ञानिक दृष्टि और आगे बढ़ेगी। हमारा लक्ष्य है कि जिले से भी आने वाले समय में वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री तैयार हों। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अंतरिक्ष से जुड़े कई प्रश्न भी पूछे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अंतरिक्ष की ओर प्रेरित करना और उन्हें चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाकर भविष्य में इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम में ड्रिम्स आफ यंग साइंस फाउंडेशन के रविशंकर कुमार, आनंद नागेश सैटेलाइट इंजीनियर, सुभाष देवांगन एक्सक्लूसिव इंजिनियर, शिवसिंह भदोरिया एक्सक्यूटिव को-कार्डिनेटर, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, देवेश सूर्यवंशी एडीपीओ, एनके साहू एपीसी, प्राचार्य रविन्द्र साहू, राजेन्द्र सिन्हा सीएसी व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## भौतिकता की चकाचौंध में अपनी मर्यादाओं को कभी न भूलें : चंद्रकला



- डोमा में पंद्रह दिवसीय सत्संग समारोह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम डोमा (गुजरा) के श्री कबीर मंदिर एवं कबीर धर्म प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित पंद्रह दिवसीय सत्संग समारोह के अंतिम दिन मुख्य वक्ता सुश्री चंद्रकला साहेब ने सत्संग प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मनीषियों ने तैंतीस कोटि देवता बतलाया है। संक्षिप्त स्वरूप में माता, पिता, आचार्य और अतिथि को देव कहा गया। जो भी भाई-बहन की आज्ञा पालन करते हैं वे ही सच्चे अर्थों में धार्मिक एवं आध्यात्मिक हैं।



भौतिकता की चकाचौंध में अपनी मर्यादाओं को कभी भी न भूलें। फैशन के नाम पर अकल त्यागकर नकल न करें। अपनी मर्यादाओं का पालन करें। मांसाहार एवं नशापान का त्याग करें। संत, महापुरुषों के बताए गए मार्ग का अनुशरण करें। मंच पर संत रमेश साहेब, संत पंचम साहेब, विजय साहेब, यदु साहेब, ध्रुव साहेब, हेमेंद्र साहेब, ब्रह्मदेव साहेब, पंकज साहेब, कर्मेंद्र साहेब, विमल भण्डारी, साध्वी सीमा साहेब, श्रेष्ठा साहेब, धनेश्वरी साहेब, मनीष साहेब, चेतना साहेब मौजूद थे। सत्संग सुनने ईशुराम गौटिया, भोजराज, डॉ. दयालाल साहू, नरेन्द्र कुमार बनपेला, पोखराज, हेमलाल साहू, लीलाराम, परमानंद, श्यामलाल, बुधियारिन, पार्वती, सुशीला, इंदिरा, जुगन, संतोषी, शिवबती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। संतों की पूजा, आरती वंदना के बाद निश्चल कुमार एवं धनेश्वरी साहेब द्वारा विदाई पद प्रस्तुत किया गया। श्रीमती गीता ध्रुव को श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। सरपंच गुंजन बनपेला ने आभार व्यक्त किया।

## जोरातराई अं में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम जोरातराई (अं) में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, सतनामी पारा सामुदायिक भवन, 6.50 लाख, शेड निर्माण 19.50 लाख का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर आनंद यदु सभापति जनपद पंचायत कुरूद, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष व सरपंच, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, बंशीलाल साहू, बुधियार पाल, सुखीराम पाल, पंचम पाल, ईश्वर निषाद उपसरपंच, भानसिंग साहू, स्वरूप साहू, धनसाय साहू, टेकराम, भिखारी साहू, सेवक साहू, देवनारायण, बालमुकुन्द साहू, ओमप्रकाश साहू अध्यक्ष साहू समाज, राकेश पाल, प्यारे तारक, नन्दकुमार साहू, संतोष साहू, उत्तम साहू, युगल साहू, उमराज निषाद, प्रकाश निषाद, घनश्याम मेहता, राजेन्द्र साहू, परमिला, जोहत्री निषाद, गंधारी तारक उपस्थित थे। निर्माण कार्य की स्वीकृति अजय चन्द्राकर विधायक द्वारा प्रदान की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम जोरातराई (अं) में जितने भी काम हुए हैं वह विधायक श्री चंद्राकर के प्रयास से हुआ है। उन्होंने इसके लिए विधायक का आभार माना है।

## गुरु बालकदास की वेशभूषा में दिखे बच्चे

- सतनामी समाज कल्याण समिति ने मनाई राजा गुरु बालकदास की जयंती
- सतनामी धर्म को आजादी के बाद जाति बना देने से समाज का विकास रूक गया : देशलहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सतनामी समाज कल्याण समिति द्वारा डाक बंगला वार्ड में राजा गुरु बालकदास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि कपिल देशलहरा जिलाध्यक्ष सतनामी समाज थे। अध्यक्षता नरेश बघेल संचालक सचिव सतनामी समाज ने की। विशिष्ट अतिथि वार्ड की पार्षद श्रीमती सुमन सोमेष मेश्राम, डॉ सुरेंद्र कुर्रे तथा भूषण जांगड़े थे।

बच्चों द्वारा खेल कूद और पंथी नृत्य किया गया। फैंसी ड्रेस में बच्चे गुरु बालकदास बाबा की वेशभूषा में नजर आये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री देशलहरे ने कहा कि सतनामी धर्म को आजादी के बाद जाति बना देने से सतनामी समाज का विकास रुक गया। संचालक सचिव नरेश बघेल ने कहा कि हमें अपने निजी स्वार्थ और मतभेदों को भुलाकर समाज की सेवा करनी होगी तभी समाज का विकास सम्भव है ।

डॉ सुरेंद्र कुर्रे ने कहा कि समाज कभी दलित शोषित पीड़ित समाज नहीं रहा। यह समाज अपनी संस्कार, संस्कृति और गुरु परम्परा से समृद्ध रहा है। पार्षद श्रीमती सुमन सोमेश मेश्राम ने कहा कि आज समाज में नशापान का प्रचलन बढ़ गया है जिस पर लगाम लगाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष भूषण जांगड़े सतनामी शासकीय सेवक संघ धमतरी ने कहा कि राजा गुरु बालकदास गुरु घासीदास का दूसरा पुत्र था जिन्होंने समाज में रावटी प्रथा चलाकर समाज सुधार का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश लहरे ने किया।

## टीम ने पांच दुकानें सील की



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम की टीम ने बड़े बकायादारों पर कार्रवाई की है। टीम ने पांच दुकानों पर सील लगाया है। इसके साथ ही नल कनेक्शन विच्छेद की भी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में दल प्रभारी मोहम्मद शेरखान एवं सहयोगी चैतन्य सिंह चंदेल, कन्हैया मांडवी, कमलेश साहू, खिलावन रजक, सन्नी वाल्मीकि, सरिता सोना, कंचन किरण साहू, शामिल थे।

## गिरौद स्कूल में पोला पर्व पर हुई खेल प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

गिरौद स्कूल में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को बैगलेस डे का आयोजन किया जाता है। इस शनिवार पोला पर्व होने के कारण छात्रों को पर्व के बारे में जानकारी दी गई। सामूहिक योगाभ्यास पश्चात मिट्टी के बैल एवं खिलौने की पूजा कर कृषि कार्यों में बैल एवं पशुधन के महत्व के साथ ही वर्तमान समय में मशीनों के बढ़ते उपयोग के बारे में चर्चा की गयी। पारंपरिक त्योहारों के घटते महत्व पर बच्चों ने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। लम्बी दौड़, मेढक दौड़, बालिकाओं के लिए



फुगड़ी, मटका फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया व अपनी कला का प्रदर्शन किया गया। स्कूल समिति के पूर्व अध्यक्ष चेतन लाल साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, सदस्य रामजी साहू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों को अपने लोक पर्व की जानकारी मिलती है साथ ही खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलता है। शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। मौके पर प्रधानपाठक श्यामलाल साहू, चंद्रशेखर सेन, शिक्षक हरेंद्र साहू, माखनलाल साहू, कमलनारायण निषाद, शिक्षिका मीरा निषाद का योगदान रहा।

## पोला बैलों के सम्मान और कृषि परंपरा के प्रतीक का पर्व

- उमरगांव में पोला का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम उमरगांव में श्रद्धा, उत्साह और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पोला पर्व मनाया गया। यह पर्व विशेष रूप से किसानों द्वारा अपने बैलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश अग्रवाल ने बताया कि पोला पर्व की शुरुआत भारतीय कृषि जीवन शैली और पशु-पूजन परंपरा से जुड़ी हुई है। यह पर्व मुख्यतः उस समय मनाया जाता है जब खेतों में बुआई पूर्ण हो जाती है और बैलों को विश्राम दिया जाता है।

इस दिन किसान अपने बैलों को सजाते हैं, उन्हें स्नान कराते हैं, माथे पर तिलक लगाते हैं और आरती उतारते हैं। यह परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि बैल केवल पशु नहीं, बल्कि किसान के सच्चे साथी और सहयोगी हैं। पर्व की मूल भावना पशु सम्मान और कृषि संस्कृति की पूजा है। इस पर्व में बैलों को विशेष रूप से सजाया जाता है। कई जगह बैल दौड़ प्रतियोगिता की जाती है। बच्चे मिट्टी या लकड़ी के बैल के साथ खेलते हैं। पोला पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह मानव और पशु के बीच सह-अस्तित्व, परिश्रम, और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। यह पर्व नई पीढ़ियों को भी कृषि और पशुधन के महत्व से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।

## छात्राओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में बढ़ते अपराध को देखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अभियान चलाकर छात्राओं को सजग किया जा रहा है।

इसी के तहत सोमवार को शासकीय विद्यालय कोसमर्रा और बगदेही में बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित 2021 के साथ बाल संरक्षण, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह उन्मूलन, लैगिक समानता की जानकारी दी गई।

इस दौरान नशापान से सुरक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रभाव के बारे में भी विस्तार के साथ बताया गया। इस दौरान यशवंत बैस संरक्षण अधिकारी, गुनेश सेन केस वर्कर, भूपेंद्र सिन्हा केश वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन महिला बाल विकास विभाग धमतरी तथा टीचर स्टॉफ उपस्थित थे।

**सोंढूर डेम को पर्यटन से जोड़ने की विशेष पहल**

# मुचकुंद ऋषि पर्यटन सहकारी समिति में 15 सदस्य शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मेचका दौरे के बाद मुचकुन्द ऋषि व सोंढूर डैम को पर्यटन से जोड़ने विशेष पहल की गई। उनके आदेशानुसार नई समिति गठन का निर्णय लिया गया। बारहपाली के समस्त सियानजनों एवं अध्यक्ष गजराज ओटी की अध्यक्षता में बैठक कर सदस्यों का गठन किया गया। मुचकुन्द ऋषि पर्यटन सहकारी समिति मर्यादित मेचका के गठन व पंजीयन संबंध में नेमीचंद देव सहकारी समिति विकास खंड नगरी ने मार्गदर्शन दिया। पर्यटन से जोड़ने व ग्राम के युवाओं को रोजगार देने पर भी जानकारी दी गई । इस अवसर पर बारहपाली के चार ग्राम पंचायत से मुचकुंद ऋषि पर्यटन सहकारी समिति मेचका में संचालित करने के लिए 15 सदस्यों का गठन किया।

ग्राम मेचका से गया राम मांझी, घनश्याम नेताम, संतोष नेताम, बिमला ध्रुवा, गोपाल सोरी, ग्राम पंचायत ठेनही दिनेश यादव, रूपेश नाग, गजानंद अहिर, बिदेलाल नागेश, शेजबाई, बेलरबाहरा पंचायत से धर्मेंद्र बिसेन, ब्रह्मा शांडिल्य, खाम सिंह मांझी, आनंद राम मरकाम, ममता कोमर्रा को सर्व सहमति से मनोनीत किया गया।

पर्यटक गाइडलाइन के लिए रामशरण नेताम, प्रताप यादव, भूपेंद्र नाग, दिलीप नेताम, गोपाल मांझी को जिम्मेदारी मिली। पर्यटक होम स्टे के लिए लीलाबर नेताम, केसर मरकाम, संतोष नेताम, विक्रम नेताम, भूपेंद्र नाग को मनोनीत किया गया। बैठक में मेचका सरपंच जीवन नाग, नरेश मांझी, सिरधन सोम, घनश्याम नेताम, गया मांझी, श्यामल साय ध्रुवा, परमात्मा कुंजाम, गजराज ओटी, पंचूराम ओटी, डीके यादव, रुपेश नाग, कमलेश प्रजापति, रघुबर साय, लोकेश्वर साहू, भीखराय, कुलदीप, फूल सिंह नेताम, तरुण मरकाम समेत अन्य उपस्थित थे।

## अरौद ली में मिनी क्रिकेट स्टेडियम की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने ग्राम अरौद (ली) में मिनी क्रिकेट स्टेडियम की मांग को लेकर महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। बताया कि युवाओं को खेल मैदान नहीं मिल पाता जिससे वे अपनी खेल प्रतिभा को निखार नहीं पाते। इस मांग को महापौर ने सहजता से स्वीकार किया।

मौके पर सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, एकता क्रिकेट क्लब अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा समेत पूरण ध्रुव, दीपक साहू, पुरषोत्तम सिन्हा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जिला क्रिकेट टीम का चयन पीजी कालेज मैदान में होगा

**धमतरी।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिला क्रिकेट टीम का चयन पीजी कालेज क्रिकेट स्टेडियम जोधापुर में किया जायेगा। अंडर-14 ट्रायल 30 अगस्त को, कट आफ डेट 1.09.2011 से 31.08.2013, अंडर-16 ट्रायल दिनांक 30 अगस्त को कट आफ डेट 1.09.2010 से 31.08.2012, अंडर-19 ट्रायल 31 अगस्त को व कट आफ डेट 1.09.2007 होगा। सकुश गुप्ता सहसचिव जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि चयन प्रक्रिया में शामिल होने वाले खिलाड़ियों को डिजिटल, मैनुअल जन्म प्रमाणपत्र, पीवीसी आधारकार्ड , मूलनिवास प्रमाण पत्र तथा वर्तमान का पासपोर्ट साईज कलर फोटो लाना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को क्रिकेट किट (सफेद ड्रेस) में उपस्थित होना अनिवार्य है ।

### सरपंच व सचिव की पहल पर स्कूल पहुंची पहली की छात्रा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के सरपंच मुकेश गावड़े और सचिव रामलाल गावड़े ने भुसकी गांव में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल किया है। उन्होंने अब तक स्कूल नहीं जा रही गांव की एक बच्ची सुरजो दुग्गा को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। सुरजो कक्षा पहली की छात्रा है। सरपंच और सचिव ने छात्रा के पालकों से मिलकर उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई से जीवन में उजाला आता है एवं आज का समय शिक्षा का युग है। जागरूकता से प्रभावित होकर सुरजो स्कूल जाने को तैयार हुई, जिसके बाद सरपंच और सचिव ने सुरजो को स्कूल बैग भेंट किया। सरपंच ने कहा कि जो पढ़ेगा, वही बढ़ेगा। शिक्षा जीवन के अंधकार को दूर कर, उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाती है।

### शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने दो अलग-अलग जगह छापामार कार्यवाही करते हुए दो युवक के कब्जे से देशी व अंग्रेजी शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को दोपहर 1 बजें सेन चौंक कांकेर के पुलिस ने दबिस दिया और घेराबंदी कर आरोपी अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 27 वर्षीय दिलीप कुमार रवानी पिता राजकुमार रवानी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक का थैला में देशी प्लेन 15 नग कुल कीमती 1 हजार 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्यवाही में 25 अगस्त को दोपहर ढाई बजें बरदेभाटा नीम चौंक के पास कोमलपुर निवासी 27 वर्षीय वीरेन्द्र नेताम पिता स्व. नोहरू नेताम के कब्जे से पीला आसमानी रंग का नायलन थैला में रखे 5 पौवा बैगपाईपर अंग्रेजी शराब, जिसकी कीमत 1 हजार 600 रूपएं व नगद 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट ने क्वांर नवरात्रि की तैयारी शुरू की

# सौ से अधिक युवा पारंपरिक वेशभूषा में माता दरबार, ज्योति कक्ष में देंगे सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट द्वारा क्वांर नवरात्रि पर्व की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। नवरात्रि का संचालन ट्रस्ट के नवनियुक्त 27 न्यासी सदस्यों द्वारा बनाई गई समिति के माध्यम से होगा। रविवार दोपहर 1 बजे स्व. माधव सिंह ध्रुव सभागार में ट्रस्ट की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नवरात्रि पर्व के सुचारू संचालन के लिए कुल 17 समितियां गठित की गई हैं। इनमें प्रशासनिक एवं स्वागत समिति, क्रय समिति, देव समिति, ज्योति कक्ष समिति, भोजन व्यवस्था समिति, टेंट-लाइट समिति, रसीद समिति, सेवा समिति, कैश रजिस्टर, भंडार व्यवस्था,पेयजल एवं स्वच्छता समिति, श्रृंगार सामग्री समिति, पुजारी समिति, नवकन्या भोज समिति, मंच संचालन समिति, माता दरबार प्रवेश-निकासी समिति तथा सुरक्षा व पार्किंग एवं देखरेख समिति शामिल है। प्रत्येक समिति में न्यूनतम 5- सदस्य बनाए गए हैं।

**नवाचार से बढ़ी विश्वसनीयता**

ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि मां अंगारमोती ट्रस्ट हमेशा से श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा को सर्वोपरि मानकर कार्य करता आ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि माता दरबार में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए हर साल नई-नई व्यवस्थाएं और नवाचार किए जा रहे हैं। महिलाएं, बुजुर्ग, विकलांग एवं छोटे बच्चों सहित हर वर्ग की आवश्यकताओं का विशेष ख्याल रखा गया है। स्तनपान कराने वाली माताओं और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था की है। दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, साफ-सुथरे शौचालय, पर्याप्त पेयजल, प्रतीक्षालय और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन-नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। ज्योति जलाने वाले श्रद्धालुओं को डाक से आमंत्रण पत्र व प्रसाद भेजकर उनसे जुड़ाव बनाए रखते हैं।

### युवाओं को मिली अहम जिम्मेदारी

ट्रस्ट ने इस बार युवा प्रभाग गोंड समाज के युवक-युवतियों को बड़ी जिम्मेदारियां दी हैं। 100 से अधिक युवा पारंपरिक वेशभूषा में माता दरबार, ज्योति कक्ष, सुरक्षा, भोजन व पार्किंग व्यवस्था आदि में सेवा देंगे।

### महिलाओं के लिए विशेष सुविधा

ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था की जाएगी। यहां गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए आराम और ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी।

### नवरात्रि स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम

पुजारी ईश्वर नेताम ने जानकारी दी कि 22 सितम्बर की शाम को ज्योति प्रज्वलन एवं स्थापना होगी। 26 सितम्बर को पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार होगा। 29 सितम्बर को शाम 4 बजे हवन पूजन का आयोजन किया जाएगा।

### विशाल भंडारे का आयोजन

अष्टमी के दिन प्रशासनिक समिति के मार्गदर्शन और दानदाताओं के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन होगा। देर शाम हवन-पूजन के बाद हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे, जो देर रात तक चलेगा।

बैठक में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, कोमल सिंह, हेमलाल ठाकुर, शिवचरण नेताम, नंदा ध्रुव, ओंकार सिंह नेताम, ढालूराम ध्रुव, गणेश्वर ध्रुव, उदय नेताम, डॉ. ए.आर. ठाकुर, राधेश्याम नेताम, देवानंद नेताम, गीता नेताम, ठाकुर राम नेताम, अनिता ध्रुव, नारायण सिंह ध्रुव, नरोत्तम सिंह उईके, आनंद राम नेताम, मनराखन ठाकुर, भगत उईके, शत्रुघन लाल नेताम, तुकाराम मरकाम, शशि ध्रुव, जयपाल सिंह ध्रुव, हुलार सिंह कोर्राम, अर्जुन कोर्राम, मानसिंह मरकाम, रामेश्वर मरकाम, तिजेन्द्र कुंजाम, हेमंत ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# डाकबंगला वार्ड में पखवाड़े भर से आ रहा गंदा पानी



- दूषित पानी की शिकायत लेकर वार्डवासी पहुंचे निगम कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डाकबंगला वार्ड के लक्ष्मी नगर में दूषित पानी की शिकायत को लेकर पार्षद सुमन मेश्राम वार्ड वासियों के साथ निगम कार्यालय पहुंची। पार्षद ने बताया कि पिछले 10-15 दिनों से नल में दूषित, बदबूदार पानी आ रहा है जिसकी लिखित शिकायत हफ्ते भर पहले जल विभाग में की गई थी पर अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। गंदा पानी पीने की वजह से वार्ड में बच्चों की तबीयत खराब हो रही है। इससे पूर्व

जोधापुर वार्ड में डायरिया फैलने से कई लोगों की मौत हुई थी। समय रहते इस पर ध्यान नहीं रहा गया तो एक भयंकर बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। निगम कार्यालय पहुंचने वालों में जागो बाई, दूज बाई, सौहद्रा कंडरा, सुनीता ढीमर, शेखर कटारे, लुद्दू ढीमर, कमलेश बंजारे, सूरज टंडन, राकेश मौजूद थे।

# एलईडी लाइट से जगमगाएगा भखारा भठेली नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





- विधायक अजय चंद्राकर ने दिलाई स्वीकृति

नगर पंचायत भखारा भठेली की प्रमुख गलियां, चौक चौराहे, कार्यालय, मुख्य मार्ग अब अंधेरे में नहीं डूबेंगे, बल्कि रोशनी से चमक उठेंगे। विधायक अजय चंद्राकर ने नगर क्षेत्र में नई स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना का उद्देश्य आमजन की सुरक्षा, यातायात में सुविधा और शहर की सुंदरता को और निखारना है।

उन्होंने कहा कि अंधेरे में दुर्घटनाएं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ जाती थीं, जिन्हें रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन और सीएमओ संतोष विश्वकर्मा के अनुसार पहले चरण में मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्र और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में एलईडी स्ट्रीट लाइट, ओक्टुएंगल पोल लगाए जाएंगे। इसके बाद कॉलोनियों और गली-मोहल्लों में विस्तार किया जाएगा।

स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। व्यापारियों का कहना है कि रोशनी बढ़ने से रात के समय भी खरीदारी सुगमता से हो सकेगी। वहीं विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों ने कहा कि अब देर रात घर लौटने में डर महसूस नहीं होगा। सूत्रों के मुताबिक इस योजना पर लाखों रुपये खर्च किए जाएंगे और अगले कुछ महीनों में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने दावा किया है कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# गजेंद्र के कैबिनेट मंत्री बनने पर यादव समाज में हर्ष



**धमतरी।** राज्य सरकार के कैबिनेट में यादव समाज को प्रतिनिधित्व देते हुए दुर्ग शहर के विधायक और ठेठवार यादव समाज के संरक्षक गजेंद्र यादव को शामिल किया गया है जिसके बाद से छत्तीसगढ़ में पूरा यादव समाज में काफी हर्ष है। रविवार को ठेठवार यादव समाज राजिम महासभा के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी दुर्ग पहुंचे। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री गजेंद्र यादव को पारंपरिक वेशभूषा, खुमरी पहनाकर और फुंदरा वाली लाठी भेंटकर स्वागत सम्मान किया।

इस अवसर पर गुलेन्द्र यादव प्रदेश अध्यक्ष यादव ठेठवार समाज, हरीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, बसंत यादव प्रदेश संगठन मंत्री, बलराम यादव प्रदेश सलाहकार, नवीन यदु, रोमशंकर यादव, डा रविनारायण यदु, अभिषेक यादव, महेश ठेठवार, मुकेश यादव, नंदकिशोर, साधु यादव, मिथिलेश सत्यवान, धर्मेन्द्र, दुष्यंत, संतोष यादव समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# एनएचएम कर्मचारियों के आंदोलन को कांग्रेसियों ने दिया समर्थन

- भाजपा सरकार की बेरुखी स्वास्थ्य व्यवस्था को कमजोर कर रही है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



एनएचएम प्रदेश कर्मचारी संघ द्वारा गांधी मैदान धमतरी में अपनी मांगों को लेकर चलाए जा रहे शांतिपूर्ण धरने में विधायक ओंकार साहू तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना शामिल हुए। इस अवसरपर विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार स्वास्थ्य कर्मियों की समस्याओं से पूरी तरह आंख मूंदे बैठी है। दो दशक से अधिक समय से सेवा दे रहे एनएचएम कर्मियों को आज भी स्थायित्व, उचित वेतनमान, चिकित्सा अवकाश, बीमा जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। भाजपा सरकार की यह बेरुखी स्वास्थ्य व्यवस्था को कमजोर कर रही है। विधानसभा में इनकी आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा और कांग्रेस इनके हक की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री शरद लोहाना ने कहा कि 16 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ हैं। लेकिन भाजपा सरकार इनके योगदान की अनदेखी कर रही है। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर इनकी लड़ाई लड़ेगी और प्रदेश की जनता के सामने भाजपा की असंवेदनशीलता को उजागर करेगी। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण घनश्याम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष शहर - 1 आकाश गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष शहर -2 योगेश शर्मा, गोविंद साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, धर्मेंद्र पटेल, साथ में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी कर्मचारियों के संघर्ष को समर्थन दिया और मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

# बिना हेलमेट व तीन सवारी बिठाकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई



- हरदीभाठा चौक के पास पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी श्री चक्रधर एवं उनकी टीम ने हरदीभाठा चौक के पास चेकिंग अभियान चलाया।
इस दौरान दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट चलने वाले, बिना लाइसेंस, तीन सवारी बिठाकर वाहन चलाने वाले तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। इसी तरह चारपहिया एवं अन्य बड़े वाहनों में बिना सीट बेल्ट के वाहन चला रहे चालकों की भी जांच की गई। चेकिंग अभियान में एएसआई चंद्रशेखर गेराम, बीरेंद्र धुव आरक्षक योगेंद्र साहू, कलेद्री मरकाम, राधेश्याम यादव सहित समस्त स्टॉफ मौजूद थे। थाना प्रभारी ने बताया कि इस तरह का अभियान समय-समय पर चलाया जायेगा ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# 250 बच्चों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

- शाउमावि मरौद में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री




शाउमवि मरौद में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आयोजित नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम डॉ. मनोज साहू अध्यक्ष, उदयकुमार सचिव, खेमचंद गंजीर, शाउमावि मरौद के प्राचार्य की उपस्थिति में हुआ। खेमचंद गंजीर ने बताया कि नशामुक्ति केन्द्र धमतरी में नशा पीड़ति व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा के साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से योगाभ्यास मेडिटेशन एवं व्यायाम के साथ नशा पीड़ति व्यक्तियों का इलाज प्राकृतिक एवं आध्यामिक प्रक्रिया के तहत काउसलिंग एवं साइकोलॉजी कक्षाओं के बिना भेदभाव के किया जा रहा है। उदय साहू ने बताया कि नशा से व्यक्तियों को बहुत तकलीफों से गुजरना पड़ता है। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मनोज साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि नशा से नुकसान ही होता है। स्वास्थ्यगत समस्याएं जैसे लीवर, किडनी, फेफडों का डेमेज होना, फोकस एण्ड कंसन्टेशन लॉस, माइण्ड डिसआर्डर एण्ड डिप्रेशन, सॉइकोसिस अर्थात भ्रम की बीमारी, पैनिक अटैक का होना, दुर्घटना, आत्महत्या करने की खतरा आदि के साथ समाज में अपराधों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसकी रोकथाम के लिए समाज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के आधार पर प्रश्न किये। उनके प्रश्नों का समाधान डॉ. मनोज साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में 250 बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### कुल 477 यूनिट ब्लड संग्रहित, जिले के जरुरतमंदों के लिए होगा उपयोग

# ब्रम्हाकुमारी संस्थान के शिविर में 249 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी द्वारा ब्रम्हाकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि पर पूरे भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 1 लाख यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य था। धमतरी जिले में भी शिविर लगा। कुछ महिलाओं ने बताया कि हमें ब्लड डोनेट करने की बहुत इच्छा रहती थी लेकिन घर में मना करते थे लेकिन जैसे ही यहां का पता चला घरवालों ने अनुमति दी। बीके बहनों ने भी ब्लड डोनेट किया। पैथोलोजिस्ट आदित्य सिन्हा ने कहा कि आज तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर है। धमतरी में 249 यूनिट, कुरूद में 95 यूनिट, मगरलोड में 58 यूनिट, गुरुर में 75 यूनिट ब्लड कुल 477 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया। शिविर में 249 लोगों ने रक्तदान किया। रक्त को सरकारी अस्पताल में रखा गया है जिसे आवश्यकता के अनुसार जिलेवासियों के लिए उपयोग किया जायेगा। शिविर का आरम्भ महापौर रामू रोहरा, सरिता दीदी, डॉ राजेश सूर्यवंशी, प्राप्ति वाशानी, वार्ड पार्षद योगेशलाल ने किया। कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू, बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजना साहू, वरिष्ठ पत्रकार दीपक लखोटिया भी शामिल हुए। जिला अस्पताल से डॉ आदित्य सिन्हा, प्रतीशा परिहार, डॉ शिंदे, डॉ गुरुशरण साहू ने सेवाएं दीं। सरिता दीदी ने कहा कि इस तरह के सेवा कार्यों से खुशी हो रही है। रामू रोहरा ने कहा कि ब्रम्हाकुमारी द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है।







